# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०५ | अंक : ०२ | मुंबई, शुक्रवार, १४ दिसंबर से २० दिसंबर २०१८ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

## देश को राममंदिर की नहीं रामराज्य की जरुरत- राज ठाकरे

**मुंबई,** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मंगलवार को मुंबई में ५ राज्यों के चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश की जनता को राममंदिर नहीं राम राज्य



चाहिए, जो पिछले साढ़े चार साल तक भाजपा सरकार नहीं दे सकी है। भाजपा जिस राहुल गांधी को पप्पू कह रही थी , आज वहीं राहुल गांधी परमपूज्य हो गए हैं। राज ठाकरे ने इन पांच राज्यों की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। इतना ही नहीं राज ठाकरे ने सबसे पहले गुजराती जनता का अभिनंदन किया है। राज ठाकरे ने कहा कि गुजरात की जनता ने भाजपा को यहां हुए चुनाव में उसकी जगह पहले ही दिखा दिया था। राज ठाकरे ने कहा कि ५ राज्यों के चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण हैं। भाजपा की ओर जिस तरह जोर जबर्दस्ती की जा रही थी, इस चुनाव ने उसका सही जवाब वोट के माध्यम से भाजपा को दिया है।

## सर्जिकल स्ट्राइक की निगरानी करने वाले ऑफिसर का बड़ा बयान

### इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया, इस मुद्दे पर राजनीति ठीक नहीं

भारतीय सेना द्वारा उरी हमले के बदले में की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डी एस हुड्डा ने शुक्रवार को कहा कि सफलता पर शुरुआती खुशी स्वाभाविक है लेकिन अभियान का लगातार प्रचार करना अनुचित है. इस सर्जिकल स्ट्राइक को देशभर में खूब प्रचारित प्रसारित किया गया. पीएम मोदी समेत केंद्र सरकार के लगभग सभी मंत्रियों ने इसका श्रेय खुद को ही दिया. सेना की भी तारीफ हुई लेकिन ज्यादातर वक्त मोदी सरकार ने इसे सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर अपनी ही पीठ थपथपाई. अब ऐसे में सेना के







उस ऑपरेशन की निगरानी करने वाले रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा है कि, 'ये सर्जिकल स्ट्राइक जरूरी तो थी, लेकिन इसका कुछ ज्यादा ही राजनीतिकरण और ढिंढोरा पीटा गया'

लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने कहा सेना बहुत से ऑपरेशन करती रहती है, लेकिन इन सैन्य अभियानों का इस्तेमाल यदि राजनीतिक फायदा लेने के लिए किया जाए, तो ये देश और सेना दोनों के लिए उचित नहीं है.उन्होंने कहा कि राजनीतिक और आर्मी के मुद्दों को अलग-अलग ही रखना बेहतर होगा. उन्होंने कहा कि सभी सैन्य ऑपरेशन्स को भी सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं होती, लेकिन इस ऑपरेशन की परिस्थितियों ऐसी थी कि इसे सार्वजनिक करना पड़ा. क्या केंद्र सरकार इस ऑपरेशन के लिए राजी थी, इस सवाल के जवाब में लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने कहा कि सैन्य अभियानों को चलाना आर्मी का फैसला होता है, लेकिन इस तरह के बड़े अभियानों पर मुहर प्रधानमंत्री ही लगाते हैं.

## जनता किसी का भी घमंड सहन नहीं करती - शरद पवार

**मुंबई,** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को ५ राज्यों के चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश की जनता किसी का भी घमंड सहन नहीं



करती है। इन नतीजों से यहीं स्पष्ठ हो रहा है। शरद पवार ने कहा कि ५ राज्यों के चुनाव में भाजपा को किसी भी राज्य में बढ़त नहीं मिली है। तेलंगाना की जनता ने भाजपा को नकार दिया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा को पराजित कर दिया है। मिजोरम की जनता ने भाजपा को नकार दिया है,किसी तरह एक सीट वह भी स्थानीय उम्मीदवार की वजह से मिल सकी है। राजस्थान में भाजपा को जनता ने नकार दिया है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी कांटे की टक्कर में पिछड़ती नजर आ रही है। इस तरह के नतीजे भाजपा को उसके घमंड की वजह से ही मिले हैं। यह सब भाजपा के घमंड का ही परिणाम है।

## धोखाधड़ी चेन स्नैचिंग करने वाले १३ अपराधियों को ठाणे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इस्माईल खान**

**ठाणे :** लोगों से बातचीत करते हुए हाथ की चालाकी से सोने के दागिने लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार थाने में वरिष्ठ नागरिकों को बातों ही बातों में फंसाकर अपनी पुरानी पहचान बता कर वरिष्ठ नागरिकों को लूटने वाले १० अपराधी व चेन खींचने वाले तीन अपराधियों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

बैंकों में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को मीठी मीठी बातों में फंसा कर उनको अपनी बातो में व्यस्त कर उन से पैसे व सोने के आभूषण लूटलेने वाले अपराधी की शिकायत दिन ब दिन बढ़ रही थी वरिष्ठ नागरिको की शिकायत को ध्यान में रकते



हुवे पुलिस उपाायुक्त विवेक फंसलकर के आदेश से विभाग १ के डिप्टी कमिश्नर डॉ. डी.एस. स्वामी के नेतृत्व में चार पोलिसिया दस्ता तैयार किया, ताकि वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ा जाए !

चारो दस्ते की तकनीकी जानकारी के आधार पर, १) राजू कृष्णा शेट्टी रेहवासी मुंबई



२) रमेश कुमार विजयकुमार जयस्वाल रहिवासी मुंबई ३) विलास रामू दलवी रहिवासी उल्हासनगर ४) दिनेश भिमराव सुरदकर रहिवासी उल्हासनगर ५) संजय महादेव रहिवासी मुंबई ६) मोहम्मद असिम मोहम्मद रफीक रहिवासी हरितारा अंबिलवी ७) गणेश दत्तू ढोल रहवासी मुंबई ८) शारबाहन नवलु इस्लाम रहिवासी मुम्ब्रा ९) शंकर उर्फ मैरीप्पन रहवासी मोरबी डोंबिवली १०)प्रदीप साहेबराव पाटिल रहवासी मुरल कल्याण ११) कृष्णाकुमार श्यामराज सिंह रेहवासी मुलुंड १२) अर्जुन अमृतभाई रहवासी गुजरात १३) अर्जुनभाई दानभाई मारवाड़ी रेहवासी गुजरात, को गिरफ्तार कर लिया गया है . ४० ऐसे अपराध सामने आए हैं जिंन में से, धोखाधड़ी के ८ अपराध, चेन स्नैचिंग के ३२ अपराध हैं. ६६१ ग्राम सोने के गहने ३० हजार रुपये नकद कूल मिलकर लगभग २०,०३००० रुपये आरपियों के पास से मुद्दा माल ज़प्त किया गया है।

आरोपियो को ८/१२/१८ को गिरफ्तार कर लिया गया है. न्यायिक हिरासत में सात आरोपियों में से छह आरोपी वर्तमान में पुलिस हिरासत में हैं।

## ए.आई.एम.आई.एम ज़िंदाबाद के नारो से गूंजा मुंबई सारा




**शाईस्ता शेख**

**मुंबई :** ए.आई.एम.आई.एम मुंबई अध्यक्ष शाकिर पटनी और सभी पदाधिकारी व कार्याकर्ताओ ने नागपाड़ा हेड ऑफिस पे मनाया जीत का जश्न. असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ने हासिल की बड़ी जीत. तेलंगाना विधानसभा मतगणना के रुझान में तेलंगाना राष्ट्रीय समिति, जबरदस्त बहुमत के साथ सत्ता में दोबारा वापस आई है.

तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ँघ्श्घ्) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी के भाई और पार्टी के फायरब्रांड नेता अकबरुद्दीन ने बड़ी जीत हासिल की है.अकबरुद्दीन, तेलंगाना में चंद्रायन गुट्टा विधानसभा सीट से उम्मीदवार थे. जहां उनको बड़ी जीत हासिल हुवी इसी जीत का जैश मुंबई में भी मनाया गया जी में मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जोगेश्वरी वार्ड नं ७८ के कार्याकर्ता मुराद हुसैन भी जीत के इस जश्न में शामिल हुए.

## सोना तस्कर सिंडिकेट के खिलाफ DRI का ऑपरेशन, ६६ किलो सोना और ४ कारें बरामद

**लखनऊ :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) में सोने से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर बड़ा वार करते हुए ६६ किलो अवैध सोना बरामद किया है जिसकी कीमत २१ करोड़ रुपए बताई गई है। लखनऊ, कोलकाता और सिलीगुड़ी में ६ और ७ दिसंबर २०१८ को एक तस्करी सिंडिकेट के खिलाफ अलग-अलग ऑपरेशन में यह सोना बरामद किया गया। मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है और तस्करी के दौरान इस्तेमाल की गईं चार कारों को भी बरामद कर लिया गया है। यह जानकारी एजेंसी की ओर से जारी किए गए एक बयान में दी गई। मुताबिक डीआरआई को इस बारे में जानकारी मिली थी एक सिंडिकेट बड़ी मात्रा में विदेशी सोना भारत में लाने के प्रयास में जुटा है। भूटान के रास्ते बॉर्डर से इस सोने को पहले पश्चिम बंगाल और फिर यहां से देश के अलग-अलग हिस्सो में भेजने की



योजना थी। ६ दिसंबर २०१८ को लखनऊ के पास डीआरआई के अधिकारियों ने एक कार का पीछा किया। कार से १ किलो के ३३ सोने के बिस्किट यानी लगभग ३३ किलो सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत १०.५६ करोड़ रुपए बताई गई। इस सोने को कार में ड्राइवर सीट के नीचे खास तरह से छुपाया गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार कार में मौजूद दो लोगों में से एक सिंडिकेट का मुख्य नियंत्रक था। एक अन्य ऑपरेशन कोलकाता में ७ दिसंबर को किया गया जहां एक बार फिर एक कार से सोना बरामद किया गया जिसमें दो लोग मौजूद थे। इस कार से भी ३३ किलो सोना मिला जिसकी कीमत १०.४६ करोड़ रुपए थी। इसे गियरबॉक्स के पास एक बॉक्स में डैश बोर्ड के अंदर छुपाया गया था। इसके अलावा सिलीगुड़ी में ३.५ लाख रुपए की नगदी बरामद की गई जिसका इस्तेमाल सोने की तस्करी में किए जाने की आशंका जताई गई। दो अन्य कारें भी बरामद की गईं।

## मीसल्स-रूबेला टीकाकरण के बाद सात बच्चे बीमार पड़ गए

### बच्चों ने सिरदर्द और मतली की शिकायत की और अस्पताल में अवलोकन के तहत रक्खे गए

**आसिफ खान**

**पुणे:** मंगलवार को पुणे के दत्तावाड़ी में एस एस अग्रवाल अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में खसरे (मीसल्स)-रूबेला टीका को प्रशासित करने के बाद १० से १३ वर्ष की आयु के सात बच्चे बीमार पड़ गए। हालांकि, पुणे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि टीके से संबंधित कोई 'प्रतिकूल घटनाएं' नहीं थीं और माता-पिता से न घबराने का आग्रह किया था।

टीके को प्रशासित करने के कुछ ही समय बाद, बच्चों ने सिरदर्द और मतली की शिकायत की और उन्हें अस्पताल में अवलोकन के तहत रखा गया। उन्हें मंगलवार की शाम को छुट्टी दी गई थी।सिंहगढ़ वार्ड के नोडल मेडिकल ऑफिसर डॉ. परिमल भोसले ने कहा कि यह घटना १२.४५ और १ बजे के बीच टीकाकरण के बाद हुई थी। भोसले ने कहा कि चार लड़कियों और तीन लड़कों ने सिरदर्द और मतली का अनुभव किया, और लड़कियों में से एक को उल्टी हो गई। बच्चों को पास के ग्लोबल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें देर शाम तक अवलोकन के तहत रखा गया और छुट्टी दी गई। भोसले ने कहा कि माता-पिता और स्कूल के अधिकारियों को पहले बताया गया था कि बच्चों को ठीक से पहले खिलाया जाना चाहिए।

'हमें निर्देश दिया गया था कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे टीका लेने से पहले बच्चों को ठीक से खाना खिलाएं। लेकिन सभी सावधानी बरतने के बावजूद, टीका, 'इंजेक्शन' मिलने के तुरंत बाद मेरी बेटी का स्वास्थ्य बिगड़ गया। वह अपनी आंखें नहीं खोल सकी और चक्कर आ गई। क्लास ५वी के छात्र की माँ स्नेहा भीमने ने कहा, 'डेढ़ घंटे के बाद उन्हें छुट्टी दी गई'। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन नहीं है कि मैं अपने छह साल के बेटे की टीकाकरण के साथ आगे बढ़ूंगी, जो १९ दिसंबर को निर्धारित है'।

२७ नवंबर को महाराष्ट्र में खसरे(मीसल्स)-रूबेला के खिलाफ ३.३७ करोड़ बच्चों को टीकाकरण करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू हुआ। भारत के १० अन्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के सदस्य देशों के साथ, खसरा(मीसल्स) को खत्म करने और रूबेला / जन्मजात रूबेला सिंड्रोम को नियंत्रित करने का संकल्प किया गया है। इस लक्ष्य के साथ, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से ९ महीने से १५ वर्ष के आयु वर्ग में खसरा (मीसल्स)-रूबेला टीकाकरण अभियान शुरू किया है।

पीएमसी स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वीकार किया कि माता-पिता चिंतित थे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि टीका सुरक्षित थी और आतंक की कोई आवश्यकता नहीं थी। राज्य परिवार कल्याण ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक डॉ अर्चना पाटिल ने कहा कि टीका से संबंधित 'मामूली घटनाएं' सोलापुर, रत्नागिरी और अकोला में हुई हैं।

## जल्द भारत लाया जाएगा भगोड़ा विजय माल्या, ब्रिटेन कोर्ट ने प्रत्यर्पण की दी मंजूरी

**लंदनः** भारत से अरबों रुपये लेकर फरार हुए उद्योगपति विजय माल्या को तगड़ा झटका लगा है. ब्रिटेन की कोर्ट ने सोमवार को भारतीय बैंकों के ९००० करोड़ रुपये लेकर फरार शराब कारोबारी विजय माल्या को भारत प्रत्यर्पण करने के लिए मंजूरी दें दी है. वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने लंदन के वेस्टमिंस्टर कोर्ट के फैसला का स्वागत किया है. भगोड़ा कारोबारी माल्या के प्रत्यर्पण के लिए भारत के विशेष अनुरोध पर ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में यह मामला चल रहा था. साल २०१७ के अंत में भारत ने माल्या के खिलाफ प्रत्यर्पण की कानूनी कार्यवाही शुरू की थी. विजय माल्या वर्तमान में लंदन में बेल पर है.

गौरतलब है कि माल्या दो मार्च, २०१६ को भारत छोड़कर चला गया. माल्या फिलहाल लंदन में है जहां एक अदालत ने भारत द्वारा दायर उसके प्रत्यर्पण के मामले की सुनवाई खत्म की है और अपना फैसला १० दिसम्बर के लिए सुरक्षित रखा है.




## संपादकीय...

# चुनौतियों के बीच

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर के रूप में पूर्व वित्त सचिव शक्तिकांत दास की नियुक्ति ने थोड़ा चौंकाया है। इससे एक हलके में यह संदेह पैदा हुआ है कि सरकार ने जानबूझकर अपने आदमी को इस पद पर बिठाया है ताकि अनुकूल फैसले कराए जा सकें। और शक्तिकांत दास की सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वह इस धारणा को गलत साबित कर दें। उन्होंने ऐसे समय कार्यभार संभाला है जब आरबीआई की साख और स्वायत्तता दांव पर लगी हुई है। पूरी दुनिया में यही संदेश गया है कि केंद्र सरकार इसकी स्वायत्तता को खत्म करने पर तुली हुई है। जिस तरह उर्जित पटेल और उससे पहले रघुराम राजन के साथ सरकार का विवाद हुआ, उसका काफी गलत मेसेज गया। दास को पूरी दुनिया के निवेशकों के सामने यह साबित करना होगा कि आरबीआई की स्वायत्तता बरकरार है। दूसरी तरफ सरकार और आरबीआई के बीच की उलझनों को दूर करने और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए तमाम निर्णय करने होंगे। चूंकि वह सरकार में रह चुके हैं, इसलिए संभवतः उन्हें सरकार के साथ विवाद सुलझाने में सहूलियत होगी। अभी सबसे बड़ा विवाद रिजर्व फंड के बंटवारे को लेकर है। सरकार उस फंड से जितनी राशि चाहती है, रिजर्व बैंक उतना देने के लिए तैयार नहीं है। पिछली बोर्ड बैठक में तय किया गया था कि रिजर्व बैंक और सरकार के बीच डिविडेंड का फॉर्म्युला तय करने के लिए एक कमेटी बनाई जाए। कमेटी के सदस्यों के नाम रिजर्व बैंक गवर्नर और केंद्र सरकार मिलकर तय करेंगे। सरकार चाहती है कि रिजर्व बैंक के फैसलों में बोर्ड की भूमिका बढ़े। इस मामले में नए गवर्नर को बीच का कोई रास्ता निकालना होगा। सरकार ११ बैंकों पर लगे प्रतिबंध में ढील देने के लिए दबाव बना रही है। आरबीआई की पाबंदी की वजह से कुछ बैंक लोन नहीं दे पा रहे हैं। हालांकि सचाई यह भी है कि आरबीआई की सख्ती से ही बैंकों के एनपीए में सुधार के संकेत मिलने लगे हैं। बहरहाल इस बारे में कोई व्यावहारिक नीति अपनानी होगी। आज देश के सामने महंगाई एक बड़ा मुद्दा है। ओपेक और रूस द्वारा कच्चा तेल उत्पादन में कटौती करने के ऐलान के बाद से एक बार फिर कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा हो रहा है जिससे दबाव बढ़ेगा। इस स्थिति में महंगाई को एक हद से ज्यादा न बढ़ने देना भी आरबीआई की जिम्मेदारी होगी।*

*इसके साथ यह भी सोचना होगा कि देश में निवेश का रास्ता कैसे साफ हो और रोजी-रोजगार में वृद्धि हो। उम्मीद की जानी चाहिए कि शक्तिकांत दास घरेलू और वैश्विक स्थितियों का आकलन कर ऐसी मौद्रिक नीति बनाएंगे जो सबको स्वीकार्य होगी। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कार्य करने का उन्हें लंबा अनुभव है। निश्चय ही इसका फायदा आरबीआई और पूरे देश को मिलेगा।*

# बॉलीवुड समाचार



## बॉलीवुड के इन बड़े विवादों ने फिल्म इंडस्ट्री में इस साल मचाया बवाल

**शाहीन सय्यद**

**साल** २०१८ फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद उतार-चढ़ाव वाला रहा. एक तरफ जहां कई बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह जा गिरी वहीं कई फिल्में ऐसी भी थी जिनका निर्माण बेहद कम बजट ने हुआ, लेकिन अपनी कंटेंट और परफॉर्मेंस के दम पर इन्होंने दर्शकों का दिल जीता और रिकॉर्ड तोड़ कमाई की. इसी बीच फिल्म इंडस्ट्री ने इस साल कई ऐसे विवाद देखे जिसने सभी को हैरान कर दिया. साल की शुरुआत से ही कई ऐसी कंट्रोवर्सीज देखने को मिली जिसने फिल्मी जगत में हडकंप मचा दिया. हम आपको इस साल के उन्हीं विवादों के बारे में बताने जा रहे हैं. इन पर डालें एक नजर.

**पद्मावत-राजपूत करणी सेना विवाद**


संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' जिसमें रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में थे, इस फिल्म को लेकर राजपूत करणी सेना ने जमकर बवाल मचाया. उनका कहना था कि रानी पद्मावती के जीवन पर आधारित इस फिल्म में मेकर्स ने अलाउद्दीन खिलजी और पद्मावती के बीच ड्रीम सीक्वेंस दर्शाया है. इस बात को लेकर देशभर में जमकर तोड़फोड़ की गई और यहां तक फिल्म की टीम को हत्या की धमकी भी मिली. काफी मशक्कत के बाद फिल्म को रिलीज किया गया और इसे लेकर देशभर में बिगड़े माहौल में सुधार आया.

**मणिकर्णिका विवाद**

कंगना रनौत की फिल्म 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' को लेकर आए दिन कोई न कोई नया विवाद सुनने को मिल रहा है. सबसे पहले इस फिल्म को खबर आई कि निर्देशक क्रिश की गैरमौजूदगी में कंगना ने डायरेक्टर की कुर्सी संभल रखी थी. फिल्म में काम कर रहे सोनू सूद (Sonu Sood) ने इल्जाम लगाया कि शूटिंग के दौरान कंगना के बार-बार हस्तक्षेप के चलते वो इस फिल्म से एग्जिट ले रहे हैं. इसके बाद अब ये फिल्म एक नई वजह से विवाद में है. कहा जा रहा है कि इस फिल्म के मेकर्स ने सेट पर काम कर रहे मजदूरों की तनख्वाह नहीं चुकाई जिसके चलते कंगना ने फिल्म की शूटिंग का काम रोक दिया. उन्होंने मेकर्स को चेतावनी दी कि जब तक वर्करों के पैसे नहीं चुकाए जाते वो इस फिल्म के लिए शूट नहीं करेंगी.

**फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' विवाद**

निर्देशक शशांक घोष की फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में सोनम कपूर, करीना कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया लीड रोल में थे. इस फिल्म में स्वरा भास्कर का मास्टरबेशन सीन



विवादों में आ गया. फिल्म में स्वरा भास्कर के इस सीन को लेकर सोशल मीडिया पर काफी विवाद खड़ा हुआ. लोगों ने उनकी बोल्डनेस को लेकर सवाल उठाए और उन्हें जमकर ट्रोल किया गया. इसके बाद फिल्म की अन्य कास्ट ने स्वर का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट्स भी किए थे.

**आईपीएल सट्टेबाजी में फंसे अरबाज खान**

जून २०१८ में सलमान खान और उनके परिवार की करारा झटका लगा जब अरबाज खान का नाम आईपीएल सट्टेबाजी में आया. इस मामले की तहकीकात कर रही ठाणे क्राइम ब्रांच ने सोनू जालान नामके एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया जिसके बाद जांच में अरबाज का नाम सामने आया. ठाणे क्राइम ब्रांच ने अरबाज को पूछताछ के लिए बुलाया जहां उन्होंने इस बात को कबूल किया कि उन्होंने कई बार मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी में पैसा लगाया. इसी के साथ ये बात भी सामने आई कि उन्होंने इसमें तकरीबन २.८० करोड़ रूपए हारे. सोनू जालान के पास से पुलिस के हाथ लगी डायरी में कई ऐसे सट्टेबाजों के नाम शामिल थे जिसमें से एक अरबाज खान का नाम भी शामिल था.

**'सेक्रेड गेम्स' विवाद**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सैफ अली खान और राधिका आप्टे की ये वेब सीरीज अपनी कटाक्ष भरी कहानी, विवादित डायलॉग्स और बोल्ड सीन्स के चलते सुर्खियों में आ गई. इस फिल्म के एक डायलॉग में राजीव गांधी पर भी तंज कसा गया जिसके कारण कांग्रेस पार्टी ने इस वेब सीरीज का कड़ा निषेध किया. इंटरनेट पर ये फिल्म साल की सबसे ज्यादा चर्चित वेब सीरीज में से एक बन गई.

**तनुश्री दत्ता- नाना पाटेकर यौन उत्पीड़न विवाद**

तनुश्री दत्ता ने एक टीवी चैनल को दिए हुए इंटरव्यू में एक बार फिर नाना पाटेकर के खिलाफ आग बरसाना शुरू कर दिया. उन्होंने कहा कि साल २००८ में फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के सेट पर नाना पाटेकर, डांस कोरियोग्राफर गणेश आचार्य पर आरोप लगाया कि इन्होंने मिलीजुली साजिश के तहत उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से तंग किया. तनुश्री के बयानों के चलते नाना पाटेकर को फिल्म 'हाउसफुल ४' से हाथ धोना पड़ा. ये मामला इतना गरमाया कि ये कोर्ट तक जा पहुंचा. इसके बाद बॉलीवुड में मी टू कैंपेन ने तूल पकड़ी और इसके तहत साजिद खान, अलोक नाथ, कैलाश खेर, अनु मालिक समेत कई बड़ी हस्तियों पर यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोप लगे.

**'रंगीला राजा' फिल्म विवाद**

पूर्व सेंसर चीफ पहलाज निहलानी द्वारा निर्मित फिल्म 'रंगीला राजा' में गोविंदा दिगांगना सूर्यवंशी लीड रोल में हैं. इस फिल्म को लेकर पहलाज निहलानी ने आरोप लगाया कि फिल्म में कुछ भी विवादित कंटेंट न होने के बावजूद मौजूदा सेंसर चीफ प्रसून जोशी ने राजनीतिक दबाव के चलते इसे कई सारे कट्स दिए. उन्होंने फिल्म की टीम के साथ प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके सेंसर बोर्ड के काम करने के तरीकों पर सवाल उठाए. इसी के साथ गोविंदा ने आरोप लगाया कि जानबूझकर इस फिल्म की रिलीज के रस्ते में रोडा पैदा किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि फिल्म बिजनेस में चल रही पॉलिटिक्स के चलते उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

**मीका सिंह-ब्राजीलियन मॉडल छेड़छड विवाद**

दुबई पुलिस ने ६ दिसंबर, गुरुवार की शाम को सिंगर मीका सिंह को ब्राजीलियन मॉडल के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया. बताया जा रहा है कि मीका पर १७ साल की लड़की को आपत्तिजनक फोटोज भेजने का आरोप है. इस मामले में दुबई पुलिस ने उनपर कार्रवाई की और उन्हें अरेस्ट कर लिया गया. इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के जरिए उन्हें रिहा कर दिया गया. लेकिन इस मामले में उन्हें कोर्ट में पेश होना है.

**मीडिया पब्लिकेशन ने प्रियंका चोपड़ा को कहा 'स्कैमस्टर'**

मैगजीन 'द कट' ने प्रियंका चोपड़ा को 'धोखेबाज'का टाइटल देते हुए कहा कि उन्होंने मासूम निक जोनस को फंसाकर उनसे शादी की. उन्होंने अपने लेख में प्रियंका को 'ग्लोबल स्कैमस्टर' तक कह दिया था. इसके चलते ट्विटर पर यूजर्स काफी नाराज हो गए थे और निक और प्रियंका के प्रति इस तरह की नकारात्मकता को लेकर उन्होंने उस मैगजीन को कड़ी फटकार लगाई थी. ट्विटर यूजर्स के साथ ही सोफी टर्नर ने भी इस आर्टिकल की लेखक मरिया स्मिथ को उनके इस लेख के लिए फटकार लगाई.

## जसलीन मथारू ने अनूप जलोटा लेकर फोड़ा बम

**बिग** बॉस १२ में अनूप जलोटा (Anup Jalota) संग कंटेस्टेंट बनकर एंट्री लेने वाली जसलीन मथारू पिछले हफ्ते के इविक्शन में घर से बेघर हो गईं. जसलीन मथारू के अलावा उनके साथ मराठी बिग बॉस की विनर मेघा धाडे भी इविक्ट हुईं. बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद मीडिया के सामने जाने पर जसलीन मथारू के सामने सबसे पहले एक ही सवाल सामने आया कि भजन सम्राट अनूप जलोटा संग उनका क्या रिश्ता है. इस सवाल पर जसलीन ने जबरदस्त बम फोड़ते हुए खुलासा कर दिया. उनका कहना है कि बिग बॉस में विचित्र जोड़ी की जरूरत थी और हम पहले गुरु-शिष्य की जोड़ी में जाने वाले



थे, लेकिन उससे पहले मैंने ही यह प्रैंक कर दिया, जिसपर अनूप जलोटा भी हैरान रह गए.एक मीडिया रिपोर्टर के सवालों का जवाब देते हुए जसलीन मथारू ने अनूप जलोटा को लेकर खुलासा कर ही दिया. जसलीन ने बिग बॉस में एंट्री लेने से पहले सलमान खान के सामने स्टेज पर हुए पूरे कहानी को विस्तार से बताया.

उन्होंने कहा, ''मैं ये एक बात क्लियर कर दूं कि हम (अनूप जलोटा के साथ) स्टेज पर गए और उन्होंने अनाउंस कर दिया कि जसलीन मेरी शिष्य हैं और वह स्टेज पर आए. जैसे ही मैं वहां (स्टेज पर) गई तो मुझे लगा कि एक अच्छा सा प्रैंक स्टेज पर कर देते हैं. यह मेरा ही आइडिया था वो और फिर मैंने कहा कि ३ साल से हम रिलेशनशिप में हैं. इसके बाद अनूपजी का ऐसा रिएक्शन था कि वो उस वक्त अब क्या बोले. मुझे लगा वह मजाक में वो चीज़ टाल देंगे, लेकिन वह हुई नहीं. यह पूरा माजरा क्लियर नहीं हुआ और घर के अंदर चले गए. हालांकि हम जोड़ी में गुरू-शिष्य ही गए थे.''

जिस बात को लेकर जसलीन मथारू बिग बॉस में काफी बवाल हुआ और सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं. अब उसे जसलीन ने प्रैंक बताया है. फिलहाल बिग बॉस को खत्म होने में कुछ ही दिन बचे हुए हैं. जसलीन-मेघा के निकलने के बाद बिग बॉस में अब रोमिल चौधरी, दीपक ठाकुर, दिपिका कक्कड़, श्रीसंत, रोहित, सोमी खान, करणवीर बोहरा और सुरभि राणा ही बची हुईं हैं. देखना होगा कि आखिर में कौन बिग बॉस के घर में कुल ८ में से टॉप ५ कंटेस्टेंट कौन होते हैं.

## बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के बगीचे में मिला हिस्ट्रीशीटर का शव, पुलिस जांच में जुटी

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में अमरुद के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव मिला. वहीं जांच के दौरान पुलिस जांच की तो लाश एक मृतक हिस्ट्रीशीटर बदमाश का निकला. पुलिस के मुताबिक मृतक हिस्ट्रीशीटर पिछले तीन सप्ताह से लापता था. फिलहाल लाश मिलने के बाद पुलिस अब इस पूरी घटना की जांच कर रही है. मृतक हिस्ट्रीशीटर के ऊपर स्थानीय कोतवाली में लूट, डकैती के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. बता दें कि पूरा मामला शाहाबाद कोतवाली इलाके में मोहल्ला अख्तियारपुर का है. जहां पर सुपरस्टार आमिर खान



का पैतृक खेत और आम, अमरुद का बाग है. जहां पर स्थानीय लोगों को कुछ दिनों से अजीब सी दुर्गंध की शिकायत कर रहे थे. जिसके बाद कुछ लोगों ने देखा कि पेड़ के निचे एक शव पड़ा नजर आया. जो काफी खराब हालत में थी. जिसके बाद लोगों ने इस बात की जानाकरी पुलिस को दी.

## दीपिका-कटरीना के बीच दोस्ती की शुरुआत, रणवीर वजह!

**दीपिका** पादुकोण से ब्रेकअप के बाद जब रणबीर कपूर ने कटरीना कैफ को डेट करना शुरू किया तो दोनों के रिश्ते खराब हो गए थे। दोनों एक-दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करती थीं साथ ही चैट



शोज पर एक-दूसरे पर कॉमेंट्स करती भी नजर आती थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका ने पहले कहा था कि वह कटरीना को अपने रिसेप्शन में नहीं बुलाएंगी। हालांकि रणवीर सिंह ने पर्सनील कटरीना को बुलाया और उन्होंने इन्विटेशन एक्सेप्ट भी किया और रिसेप्शन में पहुंचीं। खबरों के मुताबिक कटरीना ने रिसेप्शन में खूब मजा किया और रणवीर और दीपिका की तारीफ भी की। रिसेप्शन के बाद दीपिका पादुकोण ने कटरीना की फोटो लाइक की और उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया। कटरीना ने भी इस बात पर दिल बड़ा किया और इन्हें सोशल मीडिया पर फॉलोबैक करना शुरू किया। इतना ही नहीं कटरीना ने रणवीर-दीपिका के इंस्टा अकाउंट पर कॉमेंट करके उन्हें बधाई भी दी।

## ज़ीरो में कैटरीना का सिज़लिंग अवतार कर देगा दंग

**ज़ीरो** के एक गाने 'हुस्न परचम' में कैटरीना कैफ का सिज़लिंग अवतार आपको दंग कर देगा। वे कमाल की खूबसूरत लग रही हैं और उनके फैंस के लिए यह यादगार गाना साबित होगा। टीज़र में ही कैटरीना की खूबसूरती से फैंस घायल हो गए। कैटरीना कैफ इसमें बबीता कुमारी का किरदार निभा रही हैं जो कि एक सुपरस्टार हैं। वैसे इसी गाने में कैटरीना का ग्लैमरस अवतार नजर आएगा। अपने किरदार के बारे में कैटरीना कहतती



हैं- 'केवल इसी गाने में आप मेरे किरदार को ग्लैमरस अवतार में देख पाएंगे। मैं इस फिल्म में एक ऐसी सुपरस्टार बनी हूं जिसकी चमक कम हो रही है।' वे आगे बताती हैं 'वास्तव में बबीता अपनी जिंदगी के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। उसकी रिलेशनशिप खत्म हो चुकी है। करियर का ग्राफ नीचे की ओर आ रहा है और वह बेहद उदास है। कैटरीना का किरदार एक सफल सितारा रह चुका है जिसका पूरा देश दीवाना है। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित और गौरी खान द्वारा निर्मित 'ज़ीरो' २१ दिसम्बर को रिलीज होने वाली है। फिल्म के गानों ने इस समय धूम मचा रखी है।

## शादी के बाद क्या चमकेगी कपिल शर्मा की किस्मत, वैवाहिक जीवन पर ये कहती है उनकी कुंडली

**कपिल** शर्मा एक मशहूर कॉमेडी किंग हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनका जन्म ०२ अप्रैल १९८१ को प्रातः ०४:३० पर अमृतसर में हुआ था। ज्योतिषाचार्य सुजीत जी महाराज के अनुसार इनका कुम्भ लग्न तथा कुम्भ राशि है। लग्न में चन्द्रमा तथा बुध, द्वितीय



भाव में सूर्य, मंगल तथा शुक्र, छठें राहु, अष्टम भाव में गुरु, शनि तथा द्वादश भाव में केतु बैठा हुआ है।

कुम्भ लग्न तथा शनि ने बनाया कॉमेडी का स्टार- कुंभ लग्न गीत, संगीत तथा अभिनय में एक बड़ी सफलता दिलवाता है। सौभाग्य से कपिल शर्मा की कुम्भ राशि भी है जो कि इनके प्रसिद्ध कॉमेडी की भूमिका में चार चांद लगा रहा है। लग्नेश शनि अष्टम भाव में इनको दीर्घायु बनायेगा। भाग्येश शुक्र सूर्य तथा मंगल के साथ द्वितीय भाव में बैठा है। मंगल की अष्टम दृष्टि नवम अर्थात भाग्य भाव को और मजबूत बनाते हुए बहुत ही कम अवस्था में इन्हें बुलंदियों तक पहुंचाया। बुध ही कॉमेडी किंग बनाता है जो कि पंचमेश होकर लग्न में बैठा हुआ है।

विगत दो वर्षों से कपिल का समय कुछ ज्यादा अच्छा नहीं चल रहा है। १२ दिसम्बर को विवाह के बाद इनके सितारे फिर चमकेंगे। सप्तमेश सूर्य है। सूर्य शुक्र के साथ गुरु के घर में द्वितीय भाव में है। कुंडली में शुक्र भाग्येश है। शुक्र सफल वैवाहिक जीवन देगा। सूर्य विवाह के बाद फिर इनको सफलता के शीर्ष तक ले जाएगा। वर्तमान में शनि धनु राशि में गोचर करके लग्न से एकादश लाभ देंगे। विवाह के समय गुरु तथा सूर्य दोनों वृश्चिक अर्थात लग्न से दशम अर्थात कर्म भाव को सुदृढ़ करेंगे। अतः विवाह के बाद इनके सितारे चमकेंगे और इनका दाम्पत्य जीवन बहुत ही सुखद रहेगा।

## शाहिद कपूर को हुआ स्टमक कैंसर?

शाहिद को लेकर बीते कुछ दिनों से उनके फैंस बेहद परेशान हैं. हाल ही में एक मीडिया पोर्टल ने शाहिद को लेकर खबर छापी की वो स्टमक कैंसर (एूर्दर्सम्प् र्ण्हमी) से पीड़ित हैं और इसलिए उनकी हालत में बदलाव आ रहा है. ये भी कहा गया कि शाहिद कैंसर के पहले स्टेज पर हैं और इस बात गुप्त रखी गई है. मीडिया पोर्टल ने एक ब्लाइंड खबर चलाई जिसमें एक्टर का जिर्क जिस तरह से किया गया था, उससे ये बात साफ पता चलती है कि इशारा शाहिद की तरफ है.आर्टिकल में जिस तरह से एक्टर के हालिया ब्रैंड प्रमोशन्स के बारे में और उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया गया, इस बात का अंदाजा लगा लिया गया कि यहां शाहिद की बता हो रही है. जब ये खबर मीडिया में वायरल हुई तो इस खबर की पुष्टि करने के लिए शाहिद के परिवारवालों से संपर्क किया.जब शाहिद के फैमिली मेंबर्स से इस खबर के बारे में सवाल किया गया तो वो नाराज हो उठे और इस इन खबरों का सिरे से खंडन किया. उन्होंने कहा, 'लोग कुछ भी कैसे लिख सकते हैं. आखिर इस खबर का



आधार क्या है? इस तरह की अफवाहें फैलाने को किस तरह से जायज ठहराया जा सकता है?' परिवारवालों के इन सवालों ने उनकी नाराजगी साफ जाहिर है. इसी के साथ शाहिद कपूर की मेनेजर से भी जब बात की गई तो उन्होंने भी इस खबर को गलत ठहराया और बताया कि खुद शाहिद भी खुदको लेकर इस तरह की खबरों पर हैरान हैं और उन्होंने हंसकर इसे टाल दिया.आपको बता दें कि इस साल बॉलीवुड में सोनाली बेंद्रे, इरफान खान और आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप को कैंसर होने की खबर सामने आई. ऐसे में जब शाहिद को लेकर ये खबर वायरल हुई तो उनके चाहनेवाले बेहद परेशान हो गए. लेकिन अब मीडिया में आई इस लेटेस्ट रिपोर्ट को पढ़ने के बाद उनके फैंस अब चैन की सांस ले सकते हैं.

## पूर्व पुलिस वाले ने कर दी अपराध की इंतहा, ५६ महिलाओं के हत्यारे को दूसरी बार मिली उम्र कैद

**मॉस्को :** रूस की एक अदालत ने सोमवार को ५६ हत्याओं के लिए एक पूर्व पुलिसकर्मी को देश के 'आधुनिक समय का सबसे क्रूर हत्यारा' करार देते हुए दूसरी बार उम्रकैद की सजा सुनाई। वह पहले ही २२ महिलाओं की हत्याओं के लिए उम्रकैद की सजा काट रहा है। ५३ वर्षीय मिखाइल पॉपकोव को १९९२ से २००७ के बीच साइबेरियाई शहर इरकुत्स्क के पास ५६ महिलाओं की हत्याओं के लिए दोषी करार दिया गया।वह फिलहाल २२ अन्य हत्याओं के लिए जनवरी २०१५ में मिली उम्रकैद की सजा काट रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुरुष के अलावा उसने महिलाओं की ही जान ली थी। इन महिलाओं की उम्र १६ से ४० के बीच की थी। पॉपकोव देर रात अपनी कार में लिफ्ट की पेशकश कर महिलाओं को मौत के घाट उतारता था। उनमें से कम से कम १० के साथ उसने दुष्कर्म किया था। तीन मामलों में वह अपनी पुलिस की गाड़ी में ड्यूटी पर था। उसकी कार से मिले डीएनए के मैच कर जाने के बाद उसे २०१२ में पकड़ा गया था। पॉपकोव इरकुत्स्क के पास एंगार्स्क शहर के पास कुल्हाड़ी और हथौड़े से महिलाओं की हत्या करता था। बाद में वह शवों को काट कर जंगलों, सड़क के किनारों और स्थानीय कब्रिस्तानों में फेंक दिया करता था।

## जनरेटर में फंसा हुआ महिला का दुपट्टा और पल भर में पसर गया मौत का मातम

**कुशीनगर :** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में मायके की महिलाओं और लड़कियों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर झरही नदी तट पर पीड़िया विसर्जित करने जा रही महिला का दुपट्टा ट्रॉली पर लदे जनरेटर में फंस गया, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके चलते जहां मंगल-गीत हो रहा था, कुछ ही क्षण में वहां मातम पसर गया।जनपद के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ठाढीभार के भांगडा मुसहर टोला निवासी बुद्धू मुसहर की पुत्री फूलमती पीड़िया त्योहार मनाने अपने मायके आई हुई थी। सुबह वह गांव की महिलाओं और लड़कियों के साथ पीड़िया स्थल पर मांगलिक गीत कार्यक्रम में शरीक हुई। इसके बाद सभी पीड़िया विसर्जित करने झरही नदी जाने की तैयारी में जुट गए।गांव की महिला-लड़कियां ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर गाजे-बाजे के साथ झरही नदी के किनारे जा रही थीं। ट्रॉली पर जेनसेट भी चल रहा था। सब मांगलिक गीत गाने के साथ त्योहार के उल्लास में व्यस्त थे। इसी बीच जेनसेट में फूलमती के गले का दुपट्टा फंस गया।जब तक लोग कुछ समझ पाते, जेनसेट की चपेट में आने से फूलमती का गला मरोड़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से जहां गाजे-बाजे के बीच मंगल-गीत हो रहा था, वहां मातम पसर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

## पुलिस ने लाखों का अवैध गुटखा किया बरामद

**मुंबई,**पालघर जिले के तलासरी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में बीती रात पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह की विशेष टीम ने गुटखा माफियाओ पर कार्यवाही कर लाखो का अवैध गुटखा बरामद किया है।पुलिस गिरफ्तार आरोपी पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह की विशेष टीम के पुलिस उपनिरीक्षक मल्हार थोरात, सहा.पु.उपनिरीक्षक सुरेंद्र शिवदे औ? पुलिस नाइक संदीप चव्हाण की टीम को अपने मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि रात १:३० बजे के आसपास एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध गुटखा तलासरी क्षेत्र के दापचरी इलाके में तस्करी के लिए लाया जा रहा है।जिसके बाद विशेष पुलिस टीम ने जाल बिछाकर नाकाबंदी शुरू कर दी।इसी दौरान शक के आधार पर जब पुलिस ने एक ट्रक (क्रमांक जी.जे. ०४ए.डब्लू.०९९७) को रोककर छानबीन की तो उस ट्रक से विभिन्न प्रकार का प्रतिबंधित गुटका बरामद किया गया। जिसकी कीमत १,९६,२६० रुपये और ट्रक की कीमत ३,००,००० रुपये बताई गयी है।सहायक पुलिस उपनिरीक्षक सुरेंद्र शिवदे ने बताया की पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नशा माफियाओ के विरुद्ध अभियान छेड़ा गया है इसी क्रम में तलासरी से अवैध गुटका और ट्रक सहित कुल ४,९६,२६० का माल बरामद किया गया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है।

## डांस बार पर पुलिस ने मारा छापा, तहखाने से ७ लड़कियों को छुड़ाया गया, ४२ लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई से सटे मीरा भायंदर इलाके में पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक गोवर्धन बार (अवैध आर्केस्ट्रा बार) से ७ लड़कियों को छुड़ाया। इन लड़कियों को तहखाने में छिपाकर रखा गया था। जिस बार में छापेमारी की गई वह भायंदर कस्बे के नया नगर पुलिस थाना क्षेत्र में है. यह छापेमारी रविवार तड़के की गई. इस छापेमारी में आर्केस्ट्रा बार मालिक, प्रबंधक और ग्राहकों सहित ४२ लोगों को गिरफ्तार किया. छापेमारी में पुलिस ने ७ बार बालाओं को मौके से छुड़ाया. यह छापेमारी आईपीएस अतुल कुलकर्णी द्वारा की गई. मौके से ४२ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें ११ ग्राहक, बार मैनेजर, कैशियर, वेटर आदि शामिल हैं. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों पर आईपीसी की धारा ३०८, २९४, ११४, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## SELFIE विडियो बनाकर युवक ने ट्रेन के सामने की खुदकुशी

**मुंबई :** यहां के कल्याण में २८ वर्षीय एक युवक ने दौडती ट्रेन के सामने कुद कर खुदकुशी कर ली। यह घटना गुरुवार रात महाराष्ट्र के कल्याण रेलवे स्टेशन के पास हुई है। मृतक की पहचान रोहित परदेशी नाम से हुई है। रोहित ने खुदकुशी करनेसे पहले मोबाइल फोन में सेल्फी विडियो रिकॉर्ड कर लिया था । रोहित ने रिकॉर्ड किया हुआ यह वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, २८ वर्षीय रोहित परदेशी कल्याण के खडकपाडा इलाके में रहता था। शुक्रवार सुबह कल्याण रेलवे पुलिस को रोहित का शव पत्री पुल के पास मिला । साथ ही उसके शव के बाद उसका मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया । इस मोबाइल फोन में पुलिस को रोहितने खुदकुशी करने से पहले रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो बरामद हुआ है। रोहित रिकॉर्ड किए वीडियो में यह कहते हुए सनाई दे रहा है, 'मेरे भाई के अलावा मेरा इस दुनिया में कोई नही है । मेरी सारी जायदाद मेरी भाई के नाम होनी चाहिए । इस खुदकुशी के लिए कोई भी जिम्मेदार नही है।' पुलिसने रोहित का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है । रोहित ने सुसाइड क्यूं किया?, उसने रिकॉर्ड किए वीडियो में किसी को भी जिम्मेदार नही ठहराया तो भी उसने सुसाइड क्यूं किया ?, रोहित अपना मानसिक संतुलन खो बैठा था क्या? रोहित ने किसी के दबाव में आकर तो खुदकुशी तो नही की? इस प्रकार के कई सवाल हैं जो हर किसी के मन में उठ रहे हैं। पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## हैवान पिता ने ली भूख से बिलखते दुधमुंहे बच्चे की जान, सीने पर पैर रखकर की हत्या

**मथुराः** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में बीते दिनों एक शराबी पिता ने दस माह के अपने बेटे के सीने पर पैर रखकर उसकी हत्या कर दी. भूख से बिलखते बच्चे को चुप नहीं करा पाने की खीज में उसने बच्चे की जान ले ली. पुलिस ने बताया कि यह मामला नौहझील थाना क्षेत्र के मिठौली गांव का है. आरोपी राजू जाटव को नशे की लत थी और वह नशे की हालत में अपनी पत्नी के साथ मार-पीट करता था जिससे परेशान होकर वह अपने मायके चली गई थी. हालांकि बीते दिनों वह अपनी पत्नी को वापस लाने गया लेकिन रास्ते में उसने फिर उसके साथ मार-पीट शुरू कर दी. पुलिस ने बताया कि उसके साथ उसका दस माह का बेटा और तीन साल की एक बेटी भी थी लेकिन पत्नी मार-पीट के डर से उन्हें रास्ते में ही छोड़कर वापस भाग गई और जाटव बच्चों को अपने घर ले आया. रात में जब दुधमुंहा बच्चा रोने लगा तो उसने पहले तो उसे थप्पड़ मारकर चुप कराना चाहा और जब वह फिर भी चुप नहीं हुआ तो उसे घर से बाहर ईंटों के ढेर पर फेंक आया. बच्ची से घटना का पता चलने पर ग्रामीण बच्चे को बचाने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह बच्चे के सीने पर और गर्दन पर पैर रखकर चुप हो जाने के लिए कह रहा था. ग्रामीणों ने उसे धक्का देकर हटाया, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी. इस पर आपे से बाहर हुए गांव वालों ने जाटव की जमकर धुनाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया. थानाध्यक्ष श्याम सिंह ने बताया कि जाटव के ससुर कालीचरन ने जाटव के खिलाफ मामला दर्ज कराया. उसे अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया.

## अंधेरे में गाड़ी खड़ी कर कार में शुरू कर देता था सेक्स रैकेट का धंधा

**नागपुर :** होटल या बिल्डिंग के रूम में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड पुलिस ने किया ऐसी खबर अबतक आपने सुनी होगी। लेकिन महाराष्ट्र के नागपुर में एक अलग ही मामला सामने आया है। यहां एक कार में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। इतना ही नहीं बल्कि आरोपीओं ने ग्राहकों के लिए कार में खास व्यवस्था की थी। जानिए क्या है पूरा मामला।



नागपुर के जरीपटका पुलिस को खबर मिली थी कि दीपक नगर इलाके में एक कार में सेक्स रैकेट चल रहा है। इस खबर के बाद पुलिस ने एक डमी कस्टमर को एजेंट के पास भेजा और मौका देख छापा मारा। पुलिस ने दो आरोपिओं को गिरफ्तार कर लिया है और एक लड़की को हिरासत में लिया है।मंगलवार देर रात पुलिस ने एक डमी ग्राहक एजेंट के पास भेजा, जिसके बाद एजेंट ने ग्राहक से पैसा लिया और पास में खड़ी कार में भेज दिया। करीब ५ से १० मिनट के बाद एक लड़की ने कार में एन्ट्री की। फिर कुछ ही देर में पुलिस ने छापा मार उस लड़की को हिरासत में लिया और दोनों एजेंट को धर दबोचा। दीपक नगर में सुनसान इलाके में अंधेरा देख वहां आरोपी अपनी गाड़ी खड़ी करते थे और वही पर सेक्स रैकेट का धंधा शुरू कर देता था।

**कार में खास सुविधा**

पिछले कई दिनों से नागपुर शहर में पुलिस ने छापा मार सेक्स रैकेट का भंडाफोड किया है। पुलिस की यह कारवाई अभी भी शुरू है। इन सब से बचने के लिए इन आरोपियों ने कार में ही सेक्स रैकेट शुरु करने की आयडिया निकाली। आरोपियों ने कार की पिछली सीट की जगह ग्राहकों के लिए एक बेड लगवाया था। पुलिस ने योगेश साहू (२३ साल) और राहुल गवतेल (२१ साल) दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही आरोपी नागपुर के रहने वाले हैं। कार में सेक्स रैकेट चलाने की यह आयडिया देख पुलिस भी हैरान हो गई।

## ट्रक ड्राइवर का काटा प्राइवेट पार्ट और टुकड़े-टुकडे कर फेंका पास के खेतों में

**मुजफ्फरनगर (यूपी) :** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में अज्ञात लोगों ने ३० वर्षीय एक ट्रक चालक के गुप्तांग काट दिए और उसकी बुरी तरह पिटाई की जिसके कारण व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शामली के अकबरपुर सुनेहती गांव में हुई। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि शव और क्षत विक्षत अंग नजदीक के खेतों में मिला। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। एसपी ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। इसी साल अक्टूबर महीने में उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय में स्टेनो के पद पर कार्यरत महेश चौधरी की मथुरा में जमीनी विवाद के चलते उनके पड़ोसियों ने बेहद निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्यारों ने उनका गुप्तांग काट डाला और हाथों के नाखून भी उखाड़



डाले। इस साल फरवरी में पंजाब के जालंधर में कथित विवाहेत्तर संबंधों को लेकर एक महिला ने अपने पति का गुप्तांग काट डाला था और उसे शौचालय में बहा दिया था। पुलिस ने बताया था कि सुखवंत कौर नामक महिला को अपने पति के एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंध होने का संदेह था। पुलिस के अनुसार 'महिला ने सोते हुए पति पर लोहे की छड़ से वार कर उसे बेहोश कर दिया और फिर चाकू से उसका गुप्तांग काट कर शौचालय में बहा दिया।'

## मां ने शराब के लिए नहीं दिया पैसा तो कलयुगी बेटे ने कर दिया आग के हवाले

**बेंगलुरु :** कर्नाटक से एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है, जसिमें पैसे देने से इनकार करने पर युवक ने अपनी ही मां को आग में जिंदा जलाने की कोशिश की। युवक फिलहाल फरार बताया जा रहा है, जबकि महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना बेंगलुरु के सदाशिवनगर इलाके की बताई जा रही है, जहां ६ दिसंबर को मां-बेटे में पैसे को लेकर झगड़ा हुआ। युवक शराब का आदी बताया जा रहा है और वह इसी के लिए अपनी मां से पैसे की जिद कर रहा था, जिसे देने से महिला ने इनकार कर दिया था। इसे लेकर दोनों के बीच काफी कहासुनी भी हुई, जिसके बाद युवक ने अपनी ही मां को आग के हवाले कर जिंदा जलाने की कोशिश की। बताया जाता है कि पैसे देने से इनकार किए जाने से नाराज युवक ने अपनी मां के ऊपर केरोसिन तेल डाल दिया और आग लगा दी। इस घटना में वह बुरी तरह झुलस गईं। खास तौर पर चेहरा, हाथ और छाती जल गए। महिला को उनके पति ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

युवक की पहचान उत्तम कुमार के रूप में की गई है, जो फिलहाल फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक अन्य घटना में पिछले दिनों एक युवक अपनी मां को झाड़ू से पीटते नजर आया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

## हथियारों के खरीद फरोख को लेकर मुंबई पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, देशी कट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**मुंबई:** मेघवाड़ी पुलिस हथियारों के खरीद फरोख को लेकर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को जोगेश्वरी ईस्ट शिवाजीनगर के शहीद रोड इलाके से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार इन आरोपियों के बारे में मेघवाड़ी पुलिस को सूचना मिली थी कि ये दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश से देशी कट्टा लाकर मुंबई में बेचने वालें है. इस सूचना के बाद मेघवाडी पुलिस ने जाल बिछा कर रंगे हाथों इन दोनों आरोपियों को चार देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया.मेघवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगदेव कालापाड़ ने गिरफ्तार आरोपियों के बारे में बताया कि इन दोनों आरोपियों में एक आरोपी का नाम राजू हरिराम तिवारी दूसरे आरोपी का नाम जगदीश राजाराम जाधव है. दोनों आरोपी उत्तर



प्रदेश से देशी कट्टा लाकार मुंबई में किसी को बेचने वालें थे. इसकी सूचना सहायक पुलिस निरीक्षक राजदत्त कांबले को मिलने के बाद उप निरीक्षक भूषण मोरे की मदद से जोगेश्वरी ईस्ट शिवाजीनगर के शहीद रोड इलाके में जब छापा मारा. जिसके बाद उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से चार देशी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद हुआ. पुलिस द्वारा इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया है. बता दें कि दोनों आरोपियों में राजू हरिराम तिवारी मुंबई से सटे ठाणे में रहता है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है. वहीं, उसका साथी जगदीश राजाराम जाधव भी ठाणे में रहता है और वह रत्नागिरी का रहने वाला है. इन दोनों आरोपियों के गिरफ्तारी पर जोन १० के डीसीपी नवीनचंद्र रेड्डी, सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेश देवडे, का कहना है कि ऐसे अपराधियों के लिए उनकी टीम समय- समय पर कार्रवाई करती रहती है. ताकि इलाके में किसी भी तरह का आपराधिक घटनाए घटित न हो पाए.

## शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर शिक्षक ने छात्रा की सिर पटककर की हत्या

**सांगली :** महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक चौकानेवाला मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षक ने अपने छात्रा की हत्या कर दी है। शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर इस शिक्षक ने अपने ही छात्रा का सर दीवार पर पटककर उसे जान से मार दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।सांगली के शांति निकेतन ओपन युनिवर्सिटी में २१ वर्षीय वैशाली ने मुक्त विद्यापीठ में बीए के लिए एडमिशन लिया था। वैशाली शादीशुदा होने के बावजूद आगे की पढ़ाई करना चाहती थी। इसलिए उसने एडमिशन लिया था। रविवार के दिन सांगली की शांति निकेतन ओपन युनिवर्सिटी में २१ साल की वैशाली का शव मिला। इस घटना के बाद सबको झटका लगा और



इलाके में खलबली मच गई। इमारत के तीसरे मंजिल पर वैशाली का शव मिला था।यह आत्महत्या है या हत्या यह सवाल पुलिस के लिए के सवाल था। इस मामले में पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज बरामद किए। एक सीसीटीवी फुटेज में वैशाली के साथ एक व्यक्ति क्लासरूम में एन्ट्री करते दिखाइ दे रहा है और महज १५ मिनट में वह क्लासरूम से बाहर निकलता दिखाइ दे रहा है। वह व्यक्ति ऋषिकेश मोहन कुडालकर होने का अंदाजा पुलिस को आया और पुलिस ने उसको हिरासत में लेने के लिए टीम भेजी। लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई है।आखिरकार पुलिस को मिली जानकारी के बाद आरोपी शिक्षक ऋषिकेश मोहन कुडालकर को सोलापुर से गिरफ्तार किया गया।आरोपी शिक्षक और पीड़ित महिला एक ही गांव में रहते थे और दोनों एक दूसरे को पहचानते थे। धीरे-धीरे दोनों में रिलेशन बन गया।फिर अचानक से वैशाली आरोपी ऋषिकेश को इग्नोर करने लगी। ऋषिकेश को शक था की वैशाली का किसी और से अफेअर शुरू हो गया है। इसलिए उसने वैशाली को सबक सिखाने का प्लान बना लिया।रविवार को ऋषिकेश वैशाली से मिला और उससे शारीरिक संबंध बनाने को कहा, मगर वैशाली ने उसे मना किया। इस बात से ऋषिकेश भड़क गया और उसने वैशाली का गला घोटकर उसका सिर दीवार पर पटका। जिससे वैशाली की क्लासरूम में ही मौत हो गई।

## ११ साल के बेटे के सामने पत्नी की हत्या कर पति ने की खुदकुशी

**महाबलेश्वर :** महाराष्ट्र के महाबलेश्वर में कोयना लॉज में एक ऐसी घटना हुई है की, जिससे पूरे महाबलेश्वर में सनसनी मच गई। जानकारी के अनुसार शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर खुदकुशी की। सबसे बड़ी बात ये है कि यह पूरी घटना उनके ११ साल के बेटे के सामने हुई है। अनिल देशमुख ने अपनी पत्नी सीमा शिंदे ( उम्र ३० साल) की चाकू से गला काटकर हत्या की।इसके बाद उसने खुद पर भी चाकू से वार कर आत्महत्या की। अनिल शिंदे अपनी पत्नी सीमा और बेटे के साथ महाबलेश्वर घूमने आया था। अनिल ने कोयना लॉज में कमरा लिया। शाम के वक्त महाबलेश्वर घूमने के बाद दोनों अपने रूम पर वापस आ गये। लेकिन रात में एक



बजे उनके कमरे से जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर लॉज के मालिक और स्टाफ उस रूम के पास भागते हुए गए। रूम का दरवाजा अंदर से बंद था ।कुछ देर बाद अनिल के बेटे ने दरवाजा खोला तो हर कोई चौंक गया। कमरे में अनिल और उसकी पत्नी खून से लथपथ जमीन पर गिरे हुये थे। इस घटना के बाद लॉज मालिक ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन दोनों दम तोड़ चुके थे। 'अनिल और सीमा के बेटे का कहना है कि दोनों के बीच रात एक बजे झगड़ा शुरू हुआ था। जब झगड़ा हुआ उसी वक्त अनिल ने बैग में लाये हुए चाकू से सीमा के गले पर वार करना शुरू कर दिया। वो नींद से जाग गया उस वक्त उनका बेटा भी नींद से जाग गया। गुस्से में आये अनिल ने अपनी पत्नी पर २५ से ३० वार किये थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल घटना ए वारदात पर पहुंच गयी। लॉज व्यवस्थापक ने दोनों के आईडी कार्ड लिए हुए थे, जिस वजह दोनों की पहचान हो गयी। पुलिस ने जब अनिल के बेटे से पूछताछ की उसने अपने मामा का फोन नंबर पुलिस को दिया ।जिसके बाद पुलिस ने उसने संपर्क करके इस पूरे घटना की जानकारी उन्हें दी। अनिल और सीमा इन के पोस्टमार्टम होने के बाद उनके शव रिश्तेदारों को सौंप दिये गये ।

## दादर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया

**मुंबई।** ट्रेन से गिर कर मौत होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। बहुत कम ही सुनने में आता है कि ट्रेन से गिरकर किसी की जान बची हो। ऐसी ही भाग्यशाली मुंबई की दो महिलाएं थी, जिन्हें मौत के मुंह में जाने से जीआर पी पुलिस ने बचा लिया। बता दें की घटना गत दिनों पहले की है जब मुंबई दादर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया। रेलवे स्टेशन पर जीआर पी के कर्मचारियों ने दो महिलाओं को एक चलती ट्रेन के नीचे आने से पहले ही संभाल लिया।



स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद होगई! पूरा हादसा सामने आया कि तीन महिलाएं मुंबई की लोकल ट्रेन से अलग-अलग डब्बे के दरवाजों से चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी।इसी दौरान ट्रेन से उतरते-उतरते उनका पैर फिसल गया और वे प्लेटफॉर्म पर मुंह के बल गिरने ही वाली थी कि तभी जीआरपी पुलिस के कर्मचारियों ने उन्हें संभाल लिया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई थी। परन्तु मोके पे मौजूद जीआरपी पुलिस ने माहोल शांत किया ,दोनों महिलाएं सुरक्षित,गनिमत ये रही की जीआर पी पुलिस समय पर आ गई नहीं तो ये दोनों महिलाएं ट्रेन के नीचे ट्रैक पर भी गिर सकती थी और एक बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल दोनों महिलाएं सुरक्षित है। जीआर पी पुलिस ने उन्हें समझाते हुए चेतावनी दी कि वे ऐसी हरकत दोबारा ना करें, ट्रेन के रूकने के बाद ही उतरें।चलती ट्रेन से उतरना भी अपराद है जिस की लिए आप को जुरमाना होसकता है

## नए साल की सरकारी छुट्टियां जाहिर मुस्लिम रहनुमाओं को नजरअंदाज कर दिया गया


हर नया साल शुरू होने से पहले इस साल कितनी सरकारी छुट्टियां होगी? इसे जारी किया जाता है, इस बार भी साल २०१९ की सरकारी छुट्टियों का जीआर जारी कर दिया गया है. जिसमें गैर मुस्लिम कॉम मी रहनुमा ओं के जन्मदिन पर सरकारी छुट्टी का ऐलान किया गया है, किंतु इसमें मुस्लिम रहनुमाओं को बिल्कुल नजरअंदाज कर दिया गया है. याद रहे कि देश की आजादी के लिए मुसलमानों ने जो काम किए हैं वह सूरज को चिराग दिखाने की तरह होगा, लेकिन हमारी मौजूदा हुकूमत चुन-चुन कर कौमी रहनुमाओं की सेवाओं को भुला रहे है. नई पीढ़ी को अपने रहनुमाओं से परिचित करवाने का यह एक बेहतरीन जरिया है कि उस दिन सरकारी तौर पर छुट्टी दी जाए ताकि बच्चों को पता चल सके कि यह कौन है? और देश के लिए उन्होंने क्या काम किया है? और कौन सी सेवाएं अंजाम दी है? किंतु अफसोस के मुस्लिम रहनुमाओं को नजरअंदाज कर दिया गया. इसके बारे में अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के जनरल सेक्रेटरी साजिद निसार अहमद ने बताया कि सियासती हुकूमत के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट की ओर से ३ दिसंबर २०१८ को एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है जिसने १९८१ कानून की कलम २५ के तहत साल २०१९ की २१ सरकारी छुट्टियां जाहिर की गई है. पिछले साल की रिवायत को कायम रखते हुए अफसर शाही के कारण इस साल भी मुस्लिम समाज के ऐतिहासिक महान रहनुमा जिन्होंने भारत देश के लिए अनगिनत कुर्बानियां पेश करते हुए सभी धर्मों के लिए सेवा की. ऐसे महान रहनुमा खासतौर से देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद सर, सैयद अहमद खान, भारतीय राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का नाम शामिल नहीं किया गया है जो कि सरासर नाइंसाफी है. भारतीय राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम एक देशभक्त और महान वैज्ञानिक के साथ ही एक महान रहनुमा भी थे. जिन्होंने हमारे देश को मिसाइल दिया. उन्हें मिसाइल मैन भी कहते हैं. अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ जो शिक्षक और छात्राओं के लिए बराबर काम करता है. हुकूमत से सरकारी छुट्टियों की सूची में इन सभी मुस्लिम रहनुमाओं के नाम भी शामिल करने के बारे में निवेदन किया है. पिछले साल भी इसके बारे में तंजीम की तरफ से नुमाइंदगी की गई थी और सरकारी नोटिफिकेशन में बदलाव करते हुए मुस्लिम रहनुमाओं के नाम भी शामिल किए जाएं. ताकि जन्मदिन और मृत्यु दिन के बारे में बच्चों को और आम लोगों को ज्यादा जानकारी मिले. आपसी मेलजोल के लिए यह एक संग मेल साबित होगा. अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ ने इस तरह का दावा किया है.

-हुस्न बानो की कलम से

## गोपी बहू' को हीरा कारोबारी की हत्या मामले में हिरासत में लिया, राजनेता गिरफ्तार

एम.आर.शेख

**मुंबई :** हीरा कारोबारी राजेश्वर उदानी की रहस्यमय हत्या के बाद मुंबई पुलिस ने एक राजनेता को गिरफ्तार किया है और एक प्रमुख मॉडल और टीवी अभिनेत्री देवोलिना भट्टाचार्य को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि राजनीतिज्ञ सचिन पवार कथित तौर पर मृतक का करीबी परिचित था। वह पहले भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ था।



इसके पहले अभिनेत्री देवोलिना भट्टाचार्य से घाटकोपर में पुलिस ने कई घंटों पूछताछ की। लापता उदानी का शव इसके तीन दिन पहले रायगढ़ जिले से लगे जंगलों में पाया गया था। अधिकारियों ने इस मामले में भट्टाचार्य की भूमिका के बारे में हालांकि कुछ नहीं बताया, लेकिन संकेत दिया कि मनोरंजन उद्योग की कुछ और महिलाओं को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

उदानी (५७) अपने कार्यालय से २८ नवंबर को लापता हो गए थे। पुलिस ने गुमशुदगी का एक मामला दर्ज किया था और उनकी तलाश शुरू की थी। उनका मोबाइल नवी मुंबई के राबाले में होने का पता चला, और उसके बाद उसका सिग्नल गायब हो गया।

लगभग एक सप्ताह बाद चार दिसंबर को पुलिस ने अपहरण का एक मामला दर्ज किया, क्योंकि उनका कोई पता नहीं लग पाया और परिवार को कुछ गड़बड़ होने का संदेह हुआ। उनके ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उदानी ने उसे पंत नगर मार्केट के पास छोड़ने के लिए कहा, जहां एक दूसरा वाहन आया और वह उसमें बैठ गए।उदानी का बुरी तरह सड़ा हुआ शव पांच दिसंबर को पाया गया। शव पर किसी चोट का कोई निशान नहीं था, और न तो ऐसा कोई कागजात था, जिससे शव की पहचान की जा सके। उनके पुत्र ने कपड़े और जूते से उनकी पहचान की। जांचकर्ताओं को संदेह है कि उदानी के अपहर्ताओं ने किसी दूसरे स्थान पर उनकी हत्या की होगी और उसके बाद शव पनवेल के जंगल में फेंक दिया होगा।पुलिस जांच और काल डेटा रिकॉर्ड से पता चला है कि उदानी कुछ बारों में नियमित जाते थे और सचिन पवार के जरिए ग्लैमर व मनोरंजन उद्योग की महिलाओं सहित कई महिलाओं के संपर्क में थे। पवार महाराष्ट्र के मंत्री प्रकाश मेहता का सहायक रह चुका है।मेहता ने शुक्रवार शाम इस बात को स्वीकार किया कि पवार २००४ से २००९ तक उनके साथ था, लेकिन जब उसने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बीएमसी का चुनाव लड़ा, तब से उन्होंने उससे सारे संबंध तोड़ लिए थे और उसे भाजपा से निकाल दिया गया था।पुलिस दो दर्जन लोगों से पूछताछ कर चुकी है और उस वाहन की तलाश में है, जिसमें वह लापता होने की रात बैठे थे। डांसर-मॉडल भट्टाचार्य (२८) पुरस्कार विजेता अभिनेत्री हैं और वह कई टीवी धारावाहिकों और रियलिटी शोज में दिख चुकी हैं। इनमें लोकप्रिय धारावाहिक साथ निभाया साथिया में गोपी बहू का किरदार उल्लेखनीय है।

## बसंती का किरदार आज भी याद है


हुस्न बानो की कलम से

**मुंबई :** बसंती का किरदार आज भी महिलाओं की ताकत की अलामत है. बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी का कहना है कि फिल्म शोले में उनका किरदार आज भी महिलाओं की ताकत की अलामत है. हेमा मालिनी ने साल १९७५ में रिलीज होने वाली फिल्म शोले में बसंती का यादगार किरदार अदा किया था. उन्होंने कहा कि आज ४६ साल बीत जाने के बाद भी लोगों को मेरा वह किरदार जरूर याद होगा. बसंती का किरदार बॉलीवुड फिल्मों का पहला ऐसा किरदार है जिसमें एक महिला तांगा चलाती है. इससे आगे हेमा जी कहती है कि आज भी महिलाएं सख्त से सख्त और कड़ी से कड़ी मेहनत करती है. उनका कड़ी मेहनत से काम करना आज भी तांगेवाली बसंती के किरदार से कम नहीं है. मैं उनकी मेहनत को सलाम करती हूं. मैं एक बॉलीवुड अदाकारा हूं. मैंने बहुत सी फिल्में में काम किया है, लेकिन लोगों को सबसे ज्यादा शोले का मेरा बसंती वाला किरदार आज भी याद है.



## टेंशन से निजात दिलाने के नाम पर यौन शोषण करता था ये आध्यात्मिक गुरु

**रियो डि जिनेरो :** ब्राजील में अनेक महिलाओं ने जाने-माने एक स्वयंभू आध्यात्मिक बाबा पर टेंशन तथा अन्य समस्याओं से निजात दिलाने के नाम पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। ये आरोप लगे हैं जोआओ टेक्जीरिआ डि फारिया (७६) पर, जिसे जोआओ डि डिअस (जोआओ ऑफ गॉड) नाम से भी जाना जाता है। डच कॉरियोग्राफर जाहिरा लीनेके माउस तथा ब्राजील की नौ अन्य महिलाओं ने स्वयंभू बाबा पर आरोप लगाए हैं कि बाबा उन्हें मुसीबत से निकालने के नाम पर उनसे अश्लील हरकतें करता था। वह कहता था कि उसकी स्वच्छ ऊर्जा को उन तक पहुंचाने का यही एकमात्र रास्ता है।



जाहिरा को छोड़कर आरोप लगाने वाली अन्य महिलाएं अभी खुलकर सामने नहीं आई हैं। जाहिरा ने ग्लोबो टेलीविजन नेटवर्क के एक कार्यक्रम में शुक्रवार रात यह खुलासा किया। उसने बाबा पर बलात्कार का आरोप भी लगाया है। नेटवर्क से जुड़े 'ओ ग्लोबो' न्यूजपेपर ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि उसने दो अन्य महिलाओं से भी बात की और उन्होंने भी बाबा पर यही आरोप लगाए हैं। इसके बाद आरोप लगाने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर १२ हो गई है। सभी महिलाओं का कहना है कि ये घटनाएं २०१० से इस साल की शुरुआत तक फारिया के 'स्पिरिचुअल हॉस्पिटल' में हुईं। यह अस्पताल राजधानी ब्रासीलिया के निकट अबादिआनिया शहर में है। उधर, ग्लोबो की जी१ न्यूज वेबसाइट ने फारिया की प्रेस सर्विस की ओर से जारी एक बयान अपनी वेबसाइट पर डाला है। इसमें लिखा है कि उन्होंने पिछले ४४ वर्षों में अपनी शक्तियों का इस्तेमाल हजारों लोगों के उपचार के लिए किया है और वह उपचार के दौरान किसी भी प्रकार का अनुचित काम करने के आरोपों को खारिज करते हैं।

गौरतलब है कि फारिया की प्रसिद्धि सिर्फ ब्राजील में ही नहीं, बल्कि अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में भी उसके अनुयायी हैं। अमेरिकी टेलीविजन हस्ती ओप्रा विन्फ्रे ने भी इस स्वयंभू बाबा के कथित चमत्कारों को देखने के लिए २०१३ में उससे मुलाकात की थी। कई टेलीविजन चैनलों ने बाबा के उपचार संबंधी दावों की जांच की है और कुछ चैनलों ने उस पर पूर्व में लगे यौन शोषण के आरोपों के मुद्दे को भी उठाया, लेकिन कभी भी इस बाबा पर मुकदमा नहीं चलाया गया।

## इटली का रोबॉट साफ करेगा मुंबई का नाला

जाफर शेख

**मुंबई,** देश में संभवत: पहली बार रोबॉट नाला साफ करने उतरेगा। मुंबई में इस साल प्रायोगिक तौर पर रोबॉट के सहारे नाला सफाई कराई जाएगी। इटली से मंगाए जा रहे इस रोबॉट से शहर के ९० किलोमीटर नाले साफ करने का लक्ष्य है। इसके नतीजे के आधार पर ही इस प्रॉजेक्ट के भविष्य पर फैसला होगा। खुले नालों को साफ करने में तो ज्यादा चुनौती नहीं आती है, लेकिन शहर के बंद नालों को साफ करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार अंदर पूरी तरह से सफाई नहीं हो पाती है। इसीलिए रोबॉट से नाला सफाई करवाने का निर्णय किया गया। दो साल के लिए नाला सफाई का खर्च ६० करोड़ रुपये आएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछली बार बारिश में पंपिंग स्टेशन बंद थे, लेकिन ताड़देव में पानी भरा था। पता किया गया तो संभवत: सही ढंग से नाला सफाई न होने की वजह सामने आई। चूंकि शहर के सारे नाले जमीन के अंदर हैं, इसलिए रोबॉट का प्रयोग शहर के इलाकों में होगा। रोबॉट को मेनहोल से अंदर भेजा जाएगा। उसके साथ उपकरण लगे होंगे, जो अंदर की गंदी मिट्टी को बाहर निकालेगा। रोबॉट से लगा उपकरण हर १०० मीटर पर कचरा बाहर लाएगा, लेकिन रोबॉट अंदर ही रहेगा। रोबॉट को बाहर से रिमोट के सहारे चलाया जाएगा। जहां कहीं पाइप इत्यादि आएगा, वहां रोबॉट को बाहर निकालकर फिर से अंदर डाला जाएगा। इसमें काम कर रहे अधिकारी ने बताया कि हम पहली बार इसका प्रयोग करेंगे। इसकी चुनौतियों का पता काम शुरू होने के बाद ही चल सकेगा। रोबॉट जनवरी के पहले सप्ताह तक आने की संभावना है। गौरतलब है कि बीएमसी कमिश्नर ने चुनिंदा नालों की सूची बनाने का काम पूरा करने को कहा था। इनमें नाले को शुरू से लेकर अंत तक शामिल किया जाएगा, जिससे इसका वास्तविक असर देखने को मिल सके।

नाला सफाई के काम में अक्सर प्रश्न उठते रहते हैं। नाले की सफाई के साथ भी समझौते का आरोप लगता रहता है। इसकी जांच में कुछ साल पहले बड़ा घोटाला सामने आया था, जिसके बाद तमाम नियम बदल दिए गए।

## तानसा में डूबने से दो युवकों की मौत

**पालघरः** रविवार को मुंबई के मालाड से वाडा स्थित तानसा नदी के तट पर पिकनिक मनाने गए दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस निरीक्षक सुदाम शिंदे ने बताया कि रविवार की सुबह मुंबई, ठाणे व अन्य उपनगरों से 30 युवकों का एक ग्रुप उचाट गांव स्थित तानसा नदी में पिकनिक मनाने आया था। दोपहर 1 बजे के आसपास 7-8 युवक नदी में नहाने गए। स्नान के दौरान दो युवक नदी के गहरे पानी में डूबने लगे। बाकी युवकों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। मृतकों की पहचान प्रसाद प्रमोद शिंदे (मालाड निवासी-25) व अनीष सुधीर मोरे (उल्हासनगर निवासी-25) के रूप में हुई है।

## पहले किया दलित महिला से रेप, फिर चेहरा कुचलकर मार डाला

**मेरठ,** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में बलात्कार और हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पहले एक महिला के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसका चेहरा कुचल कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई. महिला की लाश हाइवे के किनारे से बरामद हुई है.




रेप और हत्या की यह वारदात मेरठ के दौराला इलाके की है. दरअसल, बुधवार की सुबह लोगों ने वहां हाइवे के किनारे एक महिला की अर्धनग्न लाश पड़ी देखी. फौरन इस बात की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में ले लिया और छानबीन शुरू की. पुलिस ने पाया कि महिला का कत्ल ईंट से चेहरा कुचलकर किया गया है. उसकी लाश को पंचनामे की कार्रवाई के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दिया. पुलिस को शक है कि महिला से बलात्कार के बाद उसकी हत्या की गई है. महिला की शिनाख्त कर ली गई है. महिला दलित समुदाय से ताल्लुक रखती है.

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक दौराला की रहने वाली उक्त दलित महिला सोमवार शाम करीब तीन बजे लकड़ी एकत्र करने के लिए घर से निकली थी. लेकिन वो लौटकर वापस घर नहीं पहुंची. सुबह कस्बे के पास हरिद्वार-दिल्ली हाइवे के किनारे उसका अर्धनग्न शव खेत में पड़ा मिला. मृतका का चेहरा ईंट से बुरी तरह कुचला गया था. वहीं इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों सड़क पर प्रदर्शन किया. जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वे पुलिस का विरोध करने लगे. बहुत समझाने के बाद ग्राणीणों सड़क से हटने के लिए तैयार हुए. इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल जांच पड़ताल की. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द ही इस मामले के खुलासे का आश्वासन दिया है. पहले काटे ण्ऊरू के तार, फिर एटीएम से लूटे २१ लाख बिहार में अपराधियों को पुलिस का रत्ती भर भी खौफ नहीं है. भागलपुर में बदमाशों ने एक बार फिर से पुलिस को

## पीएम मोदी आज पार्टी सांसदों को देंगे मंत्र

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भाजपा सांसदों से मिलेंगे, जिसके बाद पार्टी के प्रमुख संगठनों की लंबी बैठक होगी। पीएम ऐसे समय में पार्टी सांसदों को संबोधित करने वाले हैं, जब भाजपा को २०१४ में सत्ता संभालने के बाद पहली बार ऐसे खास राज्यों में विधानसभा चुनाव में हार झेलनी पड़ी, जहां कई बार से उसकी सरकार थी। वहीं, तेलंगाना में भी भाजपा को झटका लगा, जहां उसे केवल एक सीट मिली। पहले पार्टी की पांच सीटें थीं।

## राज्यसभा में कावेरी-आंध्र के मुद्दे पर हंगामा

**नई दिल्ली :** कावेरी डेल्टा क्षेत्र के किसानों के संरक्षण और आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर राज्यसभा में बुधवार को अन्नाद्रमुक और तेदेपा सहित कई दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक दो बार के स्थगन के बाद करीब सवा दो बजे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही ऑटिज्म बीमारी से संबंधित संशोधन विधेयक संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया गया।

## SC की सख्ती, पर ३ तलाक के २४८ मामले

**नई दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को कहा कि अगस्त, २०१७ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक बार में तीन तलाक को गैर-कानूनी करार दिए जाने के बावजूद तलाक की यह प्रथा नहीं थमी है। देश भर से तीन तलाक के २४८ मामले सामने आए हैं। लोकसभा में सुष्मिता देव के प्रश्न के लिखित उत्तर में कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'मीडिया और कुछ दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, १ जनवरी, २०१७ से अब तक तीन तलाक के ४७७ मामले सामने आए हैं। यूपी से सबसे अधिक मामले सामने आए हैं।'

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

## अलार्म बजा, सोना बचा खाली हाथ भागे चोर

**वसई :** वसई पूर्व के गोखिवरे तालाब स्थित मुथुट फिनकार्प गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी में चोरी करने आए चोरों के मंसूबों पर वहां लगे अलार्म ने पानी फेर दिया। वारदात से पहले कंपनी में लगा अलार्म बजने से उन्हें खाली हाथ भागना पड़ा। चोरों ने जाते-जाते पास स्थित एक एटीएम को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वहां भी उन्हें सफलता नहीं मिली। शिकायत के बाद वालीव पुलिस धारा 380,511 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रकाश बिराजदार ने बताया कि रविवार की सुबह 5 बजे गोखिवरे स्थित मुथुट फाइनेंस कंपनी में चोर शटर तोड़ रहे थे, उसी दौरान कंपनी का अलार्म बज गया जिससे चोर डर से भाग निकले। भागने के क्रम में चोरों ने वहीं पास स्थित पंजाब नैशनल बैंक के एटीएम को तोड़ने की कोशिश की। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर वालीव पुलिस अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर लिया है।

## विरार में सामूहिक विवाह समारोह 13 को

**विरारः** श्री जीवदानी देवी संस्थान, विरार एवं धर्मादाय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिसंबर को सामूहिक विवाह समारोह को आयोजन किया गया है। जीवदानी देवी मंगल कार्यालय, जीवदानी गणपति मंदिर, जीवदानी रोड, विरार पूर्व में 12.11 बजे से शुरू होने वाले इस समारोह में विवाह के लिए 69 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष रामचंद्र मुकुंद गावड ने बताया कि हर वर्ष गरीब लोगों का सामूहिक विवाह का सारा खर्च संस्था की तरफ से किया जाता है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह